सं.ए. 20011/30 (क)/2021-हिंदी/Hindi
भारत सरकार/ Government of India
गृह मंत्रालय / Ministry of Home Affairs
समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार
Directorate of Coordination Police Wireless

खण्ड सं.9, के.स.का.परिसर /Block No.9, C.G.O., Complex,
लोधी रोड, नई दिल्ली/Lodhi Road, New Delhi-3
दिनांक/Date: 25 मई , 2022

परिपत्र/CIRCULAR

विषय: निदेशालय मुख्यालय में दिनांक 31 मई, 2022 को ऑनलाइन माध्यम से हिंदी निबंध प्रतियोगिता के आयोजन के संबंध में।

निदेशालय तथा अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के समस्त कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा हिंदी कार्यों के लक्ष्यों को प्राप्त करने और कार्मिकों की राजभाषा हिंदी में काम करने की रूचि पैदा करने के उद्देश्य से निदेशालय में प्रतिमाह हिंदी प्रतियोगिता/ हिंदी गतिविधि आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

2. उपर्युक्त के अनुपालनार्थ, मई 2022 माह में निदेशालय (मुख्यालय) में दिनांक **31 मई 2022 को 1500 बजे से 1630 बजे** तक निदेशालय (मुख्यालय) एवं सभी अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के इच्छुक कर्मचारियों हेतु ऑनलाइन माध्यम से **हिंदी निबंध प्रतियोगिता** का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का विषय है **'शिक्षा का डीजिटलीकरण : वर्तमान समय की आवश्यकता'** । इसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों को इस विषय पर 500 शब्दों का स्वलिखित निबंध लिखना है। कम्प्यूटर से टाइप किया हुआ लेख पर विचार नहीं किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कार्मिक अपने स्वलिखित निबंध को अपने प्रभारी अधिकारी के माध्यम से ई-मेल आई.डी.- danidanipatwaldeghat@gmail.com पर स्कैन (पीडीएफ फोर्मेट में) दिनांक 31 मई 2022 को 1730 बजे तक भेज देंगे।

3. प्रतियोगिता का परिणाम इसके लिए गठित एक निर्णायक समिति के द्वारा निकाला जाएगा, जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय और वरियता क्रम में चौथा व पांचवा स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे और प्रमाण-पत्र भी वितरित किए जाएंगे। चुंकि प्रतियोगिता में पुरस्कार स्वरूप पुरस्कार की राशि की कीमत तक की उपयोगी वस्तु प्रदान की जाएगी, अत: सुगमता हेतु अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के विजयी होने वाले प्रतिभागियों को इसका वहन उनके केन्द्र के इम्प्रेस्ट कैश से किए जाने का निर्णय लिया गया है। पूर्व में आयोजित हिंदी निबंध प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त करने वाले कर्मचारी दोबारा पुरस्कार के पात्र नहीं होंगे, ताकि अन्य सभी कार्मिकों को भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सके।

4. निदेशालय के अनुभाग अधिकारियों एवं अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के प्रभारियों से अनुरोध है कि इस प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में इच्छुक कर्मचारियों को भाग लेने हेतु प्रेरित करते हुए भाग लेने वाले इच्छुक कार्मिकों का नाम, पदनाम और मोबाइल नम्बर (whatsapp enabled) सहित दिनांक **29 मई 2022 को 1700 बजे तक** ई-मेल आई.डी.- danidanipatwaldeghat@gmail.com पर या फैक्स द्वारा भेज दें।

5. इसे निदेशक महोदय के अनुमोदन से जारी किया गया है।

(डॉ. राजीव कुमार सिंह)
सहायक निदेशक (राजभाषा)

<u>प्रतिलिपि</u>.

1. सभी अनुभाग अधिकारी ।
2. उप निदेशक, पोलनेट हब स्टेशन, समन्वय सदन, सिरी गांव, नई दिल्ली ।
3. सहायक निदेशक, केंद्रीय पुलिस रेडियो प्रशिक्षण संस्थान, वन्दे मातरम् मार्ग, नई दिल्ली ।
4. सभी अंतर राज्य पुलिस बेतार केन्द्रों के स्टेशन अधीक्षक- विभाग के सरकारी वेबसाइट के माध्यम से।
5. सहायक निदेशक (सूचना और प्रोद्योगिकी) - कृपया विभाग के वेबसाइट में अपलोड करने हेतु।
6. कार्यालय प्रति /नोटिस बोर्ड।

<u>प्रतिलिपि सादर सूचनार्थ निम्नलिखित को प्रेषित</u>:-

1. निदेशक महोदय के प्रधान निजी सचिव : सादर सूचनार्थ ।

2. सभी संयुक्त निदेशक : सादर सूचनार्थ।